सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 235 | इंदौर, गुरुवार 12 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## हार्दिक पांड्या के खिलाफ शिकायत दर्ज

● जीत के जश्न के दौरान तिरंगे के अपमान का आरोप



**बंगलूरू, (एजेंसी)** भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत के जश्न के बाद स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एक नए विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने दी है, जिन्होंने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन सौंपकर क्रिकेटर के खिलाफ जांच और कार्रवाई की अपील की है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह शिकायत बंगलूरू के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है, वहीं न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बताया है कि यह शिकायत पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। इस मामले में वाजिद ने पुलिस से हार्दिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, भारत की जीत के बाद खिलाड़ियों के जश्न के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। इन वीडियो में पांड्या को कंधे पर तिरंगा लपेटकर मैदान पर दौड़ते और डांस करते हुए देखा जा सकता है। वकील का आरोप है कि जश्न के दौरान एक वीडियो में पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे हुए दिखाई देते हैं, जबकि उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा लिपटा हुआ था। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह का व्यवहार राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है। वाजिद खान बिडकर ने कहा कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसके लिए कानून भी मौजूद है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस मामले में राष्ट्रीय ध्वज से जुड़े कानून का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, 'आपने टी20 वर्ल्ड कप देखा होगा। हार्दिक पांड्या अपनी जीत का जश्न मनाते हुए अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डांस कर रहे थे। उनके पीछे राष्ट्रीय ध्वज बंधा हुआ था। 1971 के राष्ट्रीय ध्वज कानून की धारा दो के अनुसार हमें राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। लेकिन हार्दिक पांड्या जीत के जश्न में इतने खो गए थे कि वे अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लेटे हुए थे और उस समय भी राष्ट्रीय ध्वज उनके शरीर पर था। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है।'

**ट्रम्प बोले- ईरान जंग जीती, लेकिन ये जारी रहेगी, अमेरिका के 6 दिन में ₹1 लाख करोड़ खर्च; ईरान ने शांति के लिए 3 शर्तें रखीं**

सीएम यादव की घोषणा-

# दमोह के हटा का नाम बदलकर 'शिवकाशी' होगा

## 405 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव दमोह के हटा में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन और विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में बेटियों को जन्म से लेकर जीवन भर सम्मान और पूजा की दृष्टि से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेटियों और महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है और सरकारी योजनाएं महिलाओं के जीवन में हर कदम पर सहेली की तरह साथ दे रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने जिले में 405 करोड़ 58 लाख रुपये से अधिक लागत के 13 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

### एचपीवी वैक्सीन लगाने वाली बेटियों को सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना के कारण प्रदेश में



बेटियों के प्रति समाज की सोच सकारात्मक हुई है और लिंगानुपात में भी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि लाडली बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हाल ही में शुरू हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के एचपीवी टीकाकरण का उल्लेख करते हुए माताओं से अपील की कि वे 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को यह टीका जरूर लगवाएं। मंच से हटा की आठ बेटियों को टीकाकरण के लिए प्रमाण पत्र भी दिए गए।

### हटा गौरीशंकर की नगरी

मुख्यमंत्री ने हटा के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए इसका नाम बदलकर 'शिवकाशी' करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह स्थान भगवान गौरीशंकर की नगरी है, इसलिए इसे नए नाम से पहचान मिलेगी।

### ● यह घोषणाएं भी कीं

मुख्यमंत्री ने हटा क्षेत्र के लिए कई नई घोषणाएं भी कीं। इनमें नया आईटीआई भवन, आधुनिक नगर पालिका भवन और गीता भवन का निर्माण शामिल है। इसके अलावा हटा के महाविद्यालय में अब कृषि, उद्यानिकी और पशुपालन विषयों की पढ़ाई भी शुरू की जाएगी। उन्होंने पटेरा में नया महाविद्यालय खोलने, मड़ियादो और देवरी फतेहपुर में नए हायर सेकेंडरी स्कूल भवन बनाने तथा कई सड़कों के चौड़ीकरण और निर्माण की भी घोषणा की।

### ● बुंदेलखंड में बढ़ेगा विकास और सिंचाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई के नए अवसर पैदा होंगे और किसानों को भरपूर पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर अब लगभग 55 लाख हेक्टेयर हो चुका है।

# कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप

## इंदौर में अफसर बोले- लकड़ी, कंडे, भट्ठी जलाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर** ईरान-इजराइल युद्ध के असर से मध्य प्रदेश में 2 दिन से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप है। इस वजह से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट इंडस्ट्रीज पर आया है। वहीं, जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है। जिन घरों में शादी है, वे कैसे होंगी? अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां हैं।

होटल, रेस्टॉरेंट कारोबार और शादियों के अलावा सोना-चांदी आभूषण बनाने वाले कारीगरों और रेहड़ी पर भी संकट खड़ा हो गया है। भोपाल सराफा एसोसिएशन के नवनीत अग्रवाल ने बताया कि शहर में करीब 3 हजार कारीगर काम करते हैं। हर कारीगर को महीने में औसतन 3 सिलेंडर की जरूरत होती है। इस हिसाब से सराफा कारोबार में महीने भर में करीब 9 हजार सिलेंडर इस्तेमाल होते हैं, यानी रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। वहीं इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी,



कंडा, भट्ठी जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। फूड कंट्रोलर एमएल मारू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समस्या के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रोक के बाद मंगलवार को कैटरिंग संगठन की बैठक ली गई थी, जिसमें कैटरिंग व्यवसाय से जड़े लोगों को एलपीजी सिलेंडर के स्थान पर पारंपरिक ईंधन स्रोत अपनाने की सलाह दी गई है। बता दें कि लकड़ी, कोयला, कंडा आदि पारंपरिक ईंधन, भट्ठी और तंदूर जलाने से प्रदूषण होता है। इस पर 10 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। वहीं बैठक के बाद कैटरिंग संगठन ने शादियों में अब 100 तरह के पकवान के बजाय 15 तरह के पकवान तैयार करने का ही फैसला किया है। कैटरर्स रामबाबू शर्मा ने बताया- यह इमरजेंसी जैसी स्थिति है। गैस सिलेंडर अनिवार्य वस्तुओं की श्रेणी में है। सबसे ज्यादा शादियां प्रभावित होंगी। यदि 500 लोगों की शादी पार्टी हो तो 10 कमर्शियल सिलेंडर लगते हैं। एक शादी के लिए तो स्टॉक है, लेकिन अगली चार बुकिंग में खाना कैसे बनेगा? इसकी टेंशन है।

# शहर में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं, उपभोक्ता घबराएं नहीं : कलेक्टर शिवम वर्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इंदौर जिले में घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसी, अवन्तिका के सेल्स अधिकारी, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, एचपीसीएल गैस प्लांट मांगलिया के मैनेजर तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।**



जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि हाल ही में लोगों में आशंका के कारण बुकिंग में अचानक वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों के आंकड़ों में सामान्य दिनों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक बुकिंग दर्ज की गई है, जिससे यह स्पष्ट है कि लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि 14 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बुकिंग के आधार पर सिलेंडर मिलते रहेंगे। ऑयल कंपनियों द्वारा केवल इतना बदलाव किया गया है कि सिलेंडर की अगली बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। उपभोक्ताओ को सामान्यतः बुकिंग के तीन दिन के भीतर डिलेवरी घर पर ही ओटीपी के माध्यम से दी जा रही है।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित है। इसलिए होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को अस्थायी रूप से डीजल भट्टी, इंडक्शन, इंफ्रारेड इलेक्ट्रिक कॉइल जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए और किसी प्रकार की कालाबाजारी नहीं होने दी जाए। यदि होटल या अन्य व्यवसायों को घरेलू सिलेंडर दिए जाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों के लिए ऑयल कंपनी द्वारा दी गई छूट अनुसार कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी।

प्रशासन द्वारा निगरानी के लिए तीन जांच दल गठित किए गए हैं, जो सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अब सिलेंडर डिलीवरी के समय उपभोक्ता से ओटीपी अनिवार्य रूप से लिया जाएगा, जिससे अनियमितता की संभावना कम होगी।

साथ ही, शहर में जहां पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां होटल और रेस्टोरेंट को प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। अवंतिका गैस कंपनी ने इस संबंध में त्वरित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

### समस्या होने पर इन नंबरों पर करें शिकायत

इंदौर में घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई को लेकर फिलहाल किसी प्रकार की कमी या समस्या नहीं है। प्रशासन के अनुसार शहर में गैस की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

यदि किसी उपभोक्ता को भारत गैस, इंडेन गैस या एचपी गैस के डीलर द्वारा सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो इसकी शिकायत संबंधित कंपनी के कस्टमर केयर नंबरों पर की जा सकती है। भारत गैस हेल्पलाइन नंबरः 1800-22-4344 (टोल फ्री), इंडेन गैस कस्टमर केयर नंबरः 1800-2333-555 (टोल फ्री) और एचपी गैस कस्टमर केयर नंबरः 1800-2333-555 (टोल फ्री) उपभोक्ता इन टोल फ्री नंबरों पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिस पर संबंधित कंपनी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर को दिया गया आवेदन

## खजराना गणेश मंदिर के गेट नंबर 3 के पास बदबू की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर परिसर में गेट नंबर 3 के पास तेज बदबू आने की शिकायत को लेकर जिला कलेक्टर को एक लिखित आवेदन दिया गया है। शिकायतकर्ता ने मंदिर परिसर के आसपास तत्काल सफाई और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि गेट नंबर 3 से मंदिर परिसर में प्रवेश करने के बाद मंदिर के मुख्य द्वार तक तेज और असहनीय बदबू महसूस होती है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह करीब पांच साल बाद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे थे।**

इस दौरान बदबू की समस्या देखकर उन्होंने चिंता व्यक्त की कि इससे शहर की स्वच्छता की छवि पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से सवाल भी किया है कि इतनी बड़ी धार्मिक जगह होने के बावजूद अब तक इस समस्या की शिकायत प्रशासन तक क्यों नहीं पहुंची। आवेदन में प्रशासन से मांग की गई है कि गेट नंबर 3 के आसपास क्षेत्र का निरीक्षण कर तुरंत सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# एक मई से 30 मई 2026 तक होगा मकानों की सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य

**इंदौर में जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए जिला स्तर के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ शुरू**

- अधिकारियों को बताए गए गणना के तौर-तरीके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारत की जनगणना-2027 के सफल संचालन और प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए इंदौर जिले में व्यापक तैयारियां जारी है। जनगणना के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को विभिन्न चरणों में लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज बुधवार से द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र सेटेलाइट भवन में आयोजित हो रहा है। इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को जनगणना से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।**



प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस चरण में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर भवनों और परिवारों से संबंधित प्रारंभिक जानकारी एकत्रित की जाएगी।

जनगणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगरीय और ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि जनगणना की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर, वरिष्ठ जिला योजना अधिकारी श्री माधव बेंडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनगणना के जिला प्रभारी श्री सूरज बडगे ने प्रतिभागियों को सीएमएमएस (जनगणना प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग प्रणाली) पोर्टल के माध्यम से हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, ग्राम निर्देशिका/नगर निर्देशिका अनुसूची तथा संपूर्ण प्रक्रिया प्रवाह के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की सूची को एक्सेल शीट के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करने तथा उनके नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# छेड़छाड़ का आरोपी 5 महीने बाद गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने करीब पांच माह बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने सुनसान इलाका देखकर डी-मार्ट से घर लौट रही युवती को छेड़ा था। पीड़िता ने पहले राजेंद्र नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन सीमा क्षेत्र के विवाद के चलते मामले की जांच बाद में राऊ पुलिस को सौंप दी गई। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि एक नवंबर 2025 को युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि खंडवा रोड (केट रोड) के सुनसान क्षेत्र में एक अज्ञात स्कूटी चालक ने उसके साथ छेड़छाड़ की और अभद्र टिप्पणी करते हुए मौके से फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पीड़िता ट्रेजर फेंटेसी के पास रहती है और घटना के समय डी मार्ट से घर लौट रही थी। पुलिस ने डी-मार्ट से केट रोड तक करीब तीन किलोमीटर के दायरे में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और संदिग्ध की पहचान के लिए मुखबिरों को भी जानकारी दी। 10 मार्च 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि संदिग्ध एक्टिवा चालक केट रोड क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी कन्हैया पाटिल निवासी राऊ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में एमबीए की पढ़ाई कर रहा है।

एसीएस स्वास्थ्य की अध्यक्षता में समिति गठित

## समग्र स्वास्थ्य योजना का अंतिम प्रारूप का करेगी निर्धारण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए प्रस्तावित समग्र स्वास्थ्य योजना के अंतिम प्रारूप, नीति निर्धारण के साथ ही कर्मचारी और पेंशनर्स संगठनों से परामर्श कर योजना को मंत्रि-परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग सदस्य जबकि आयुक्त लोक स्वास्थ्य सदस्य-सचिव होंगे। समिति प्रस्तावित योजना के सभी आवश्यक तत्वों जैसे पात्रता, कवरेज, वित्तीय माडल, क्रियान्वयन संरचना तथा हितधारकों के परामर्श को समाहित कर विस्तृत योजना दस्तावेज तैयार करेगी, जिसे मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

# किसानों के हित में राज्यसभा में डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी का तारांकित प्रश्न, रुपे किसान क्रेडिट कार्ड पर केंद्रीय वित्त मंत्री ने दिया जवाब

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आज राज्यसभा में किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण विषय "नए रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (KCC)" के संबंध में तारांकित प्रश्न उठाते हुए सरकार से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस प्रश्न के माध्यम से उन्होंने वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न राज्यों में जारी किए गए नए रुपे किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या, उनकी ऋण सीमा तथा किसानों की आय और कृषि उत्पादकता पर इसके प्रभाव से संबंधित जानकारी मांगी।

केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री द्वारा दिए गए उत्तर में बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड



डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, बीजेपी, मध्य प्रदेश

पर अधिकतम 3 लाख रुपये तक की क्रेडिट लिमिट पर रियायती ब्याज दर का लाभ दिया जा रहा है।

सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार देश में कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत ऋण प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2013-14 में कृषि ऋण प्रवाह 7.30 लाख करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वर्ष 2024-25 में 28.67 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड खातों की संख्या भी 6.46 करोड़ से बढ़कर 7.72 करोड़ तक पहुंच गई है।

नाबार्ड के सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय में भी वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2016-17 में ग्रामीण परिवारों की औसत आय 8,059 रुपये थी, जो बढ़कर 2021-22 में 12,698 रुपये हो गई। साथ ही संस्थागत स्रोतों से ऋण लेने वाले कृषि परिवारों की संख्या भी 60.5 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई है, जिससे किसानों की अनौपचारिक ऋण स्रोतों पर निर्भरता कम हुई है।

डॉ. सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाएं किसानों को समय पर सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराकर कृषि निवेश बढ़ाने और किसानों की आय में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों को संस्थागत बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना और उन्हें आसान ऋण उपलब्ध कराना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डॉ. सोलंकी ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों से देश के किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा और कृषि क्षेत्र को नई मजबूती प्राप्त होगी।

## हथियार के साथ रील बनाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हथियार के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। परदेशीपुरा क्षेत्र के नंदानगर निवासी शुभम खटीक ने गंडासे के साथ रील बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसकी पहचान कर कार्रवाई शुरू की।

पुलिस के अनुसार शुभम ने यह रील अपने घर की छत पर बनाई थी। मंगलवार देर रात पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी जुटाई जा रही है। रील में शुभम खटीक गंडासे के साथ गाना गाते हुए 'पुष्पा स्टाइल' में हथियार घुमाते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक की पहचान कर उसे पकड़ लिया।

तीन दिन पहले बाणगंगा क्षेत्र के तीन युवकों की भी इसी तरह की रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस उनकी तलाश कर रही थी, लेकिन वे इलाके में नहीं मिले। बताया गया कि वे बाहर से काम करने आए थे। पुलिस के अनुसार शहर में सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए हथियारों के साथ रील बनाने का चलन बढ़ रहा है। कुछ बदमाश इस तरह के वीडियो बनाकर उन्हें तेजी से सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हैं। सलमान लाला, भयू सुरीला और द्वारकापुरी का बदमाश नारू उर्फ नारायण वर्मा जैसे बदमाश भी पहले इस तरह की रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालते रहे हैं। इन वीडियो के जरिए वे खासकर नाबालिगों पर रौब जमाने की कोशिश करते थे। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ऐसे मामलों पर लगातार नजर रख रही है। हथियारों के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## महिला दिवस पर एमपी ट्रांसको इंदौर की "सुपर पावर वुमन" श्रीमती नीलम खन्ना सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर की ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस की वरिष्ठतम महिला अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना को उनके उल्लेखनीय योगदान, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।**

पावर ट्रांसमिशन के क्षेत्र में "सुपर पावर वुमन" के रूप में पहचान स्थापित करने वाली श्रीमती नीलम खन्ना विगत कई वर्षों से इंदौर सहित संपूर्ण मालवा क्षेत्र की ट्रांसमिशन लाइन व्यवस्था का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। उन्होंने इंदौर में परंपरा




से हटकर त्योहारों के दौरान रात्रि में ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेंस कराकर यह सुनिश्चित किया कि शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। इसके अलावा सिंगाजी पावर हाउस से आने वाली 400 केवी लाइन के कठिनतम क्षेत्र में ओपीजीडब्ल्यू की स्थापना का महत्वपूर्ण कार्य भी उनके नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इससे ट्रांसमिशन कंपनी को मालवा क्षेत्र में अपनीओपीजीडब्ल्यू लाइन विभिन्न दूरसंचार कंपनियों को लीज पर देने का अवसर मिला तथा पावर हाउस और सबस्टेशनों के बीच कम्युनिकेशन कनेक्टिविटी सुदृढ़ होने से प्रोटेक्शन सिस्टम को भी नया आयाम मिला।

ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित क्षेत्र में हो रहे खतरनाक और गैरकानूनी निर्माण कार्यों को रोकने के लिए श्रीमती नीलम खन्ना ने इंदौर से "रोको-टोको" अभियान की शुरुआत की। यह पहल बाद में एमपी ट्रांसको का प्रदेश स्तरीय अभियान बन गई, जिसके माध्यम से नागरिकों को जागरूक कर पूरे प्रदेश में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए।

इस अवसर पर प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी ने कहा कि महिला दिवस केवल एक अधिकारी के सम्मान का अवसर नहीं, बल्कि यह एमपी ट्रांसको की उन सभी मातृशक्तियों को नमन करने का दिन है, जिनके योगदान से कंपनी की कार्यसंस्कृति और उपलब्धियों को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में महिला इंजीनियरों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व एमपी ट्रांसको के लिए गौरव का विषय है।

## छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा ने मंगलवार को अपनी बड़ी बहन के दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। आरोपी नशे की हालत में छात्राओं के कमरे पर पहुंचा था और उससे अश्लील हरकत करने के बाद अपनी दोस्त (बड़ी बहन) को जबरन अपने साथ ले गया। जिससे बाद में मारपीट की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर मोहित चौहान निवासी स्वास्थ्य नगर के खिलाफ हीरानगर थाने में छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि वह एक निजी कॉलेज में बीएससी की पढ़ाई कर रही है। मोहित उसकी बड़ी बहन का दोस्त है। पीड़िता के मुताबिक सोमवार रात मोहित उनके कमरे पर पहुंचा, उस समय उसका छोटा भाई भी वहां मौजूद था। वह बिस्तर पर बैठी थी, तभी मोहित उसके पास आकर बैठ गया और गलत तरीके से उसे छूने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपशब्द कहे। इस दौरान छात्रा की बड़ी बहन वहां पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ झूमाझटकी की और जबरन उसे अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गया। छात्रा ने अपने परिचित युवकों को बुलाया। वे आरोपी के स्वास्थ्य नगर स्थित कमरे पर पहुंचे, लेकिन मोहित वहां से फरार हो गया था। बाद में छात्रा की बहन ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जबरन शादी करने का दबाव बना रहा था।

### वीआईपी मूवमेंट पर हाईकोर्ट सख्त

## प्रशासन से पूछा- किन्हें मिलता है जीरो ट्रैफिक का अधिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने शहर में वीआईपी मूवमेंट के दौरान लागू किए जाने वाले जीरो ट्रैफिक प्रोटोकॉल पर बुधवार को सवाल उठाया है।**

कोर्ट ने प्रशासन से स्पष्ट जानकारी मांगी है। कलेक्टर इंदौर को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे सभी वीआईपी की सूची प्रस्तुत करें जिन्हें वास्तव में यह सुविधा देने का अधिकार है। कहा है कि जो इस श्रेणी में नहीं आते हैं, उन्हें ऐसी सुविधा नहीं दी जानी चाहिए। वीआईपी मूवमेंट के कारण आम नागरिकों को होने वाली परेशानी का मुद्दा भी अदालत में प्रमुखता से उठा। वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बगड़िया ने कहा कि कई बार




वीआईपी मूवमेंट के दौरान लंबे समय तक ट्रैफिक रोका जाता है। जिससे लोगों को भारी असुविधा होती है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें भी बंद कर दी जाती हैं और मूवमेंट खत्म होने के बाद अचानक ट्रैफिक खोलने से अव्यवस्था और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इस पर न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी ने टिप्पणी की है कि प्रशासन के लिए यह केवल समय बचाने का नहीं बल्कि सुरक्षा का प्रश्न होता है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता बगड़िया ने कहा कि यही जनप्रतिनिधि चुनाव के समय घर-घर जाकर लोगों से वोट मांगते हैं, तब उन्हें कोई खतरा नहीं लगता, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उन्हीं सड़कों पर चलना सुरक्षा जोखिम बताया जाता है। बुधवार को हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगल पीठ के समक्ष इंदौर शहर से जुड़े कई अहम मुद्दों पर सुनवाई हुई। इनमें बीआरटीएस बस स्टॉपों को हटाने की प्रगति, फुटपाथों पर अतिक्रमण, अवैध धार्मिक संरचनाएं और ट्रैफिक जाम की समस्या शामिल रही।

## सफलता के लिये समय का प्रभावी प्रबंधन आवश्यक : डॉ. कोठारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मैपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा है कि विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और समय का प्रभावी प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। किसी भी विचार को वास्तविकता में बदलने के लिए "आई कैन" की भावना सबसे महत्वपूर्ण होती है। डॉ. कोठारी ने बताया कि परिषद विज्ञान एवं नवाचार के लगभग 18 क्षेत्रों जैसे कृषि, वेटनरी, चिकित्सा, इंजीनियरिंग एवं आईटी में तकनीकी परामर्श, संस्थागत सहयोग, प्रशिक्षण तथा वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। साथ ही परिषद युवाओं को उद्योगों और संस्थानों से जोड़ने का भी कार्य कर रही है, जिससे उनके नवाचारों को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिल सके। डॉ. कोठारी मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा एआई आधारित तकनीकी उद्यमिता विकास कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## सुरभि के निधन पर किया गहन दुख व्यक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक श्री हेमंत खंडलेवाल की सुपुत्री सुश्री सुरभि खंडेलवाल के आकस्मिक निधन पर गहन दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए स्व. सुरभि को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस असीम दुख को सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## टीकाकरण के बाद मासूम की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी।** पन्ना जिले में टीकाकरण के कुछ घंटों बाद डेढ़ माह के एक बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग की एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यह घटना पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक-3, इंद्रपुरी कॉलोनी में हुई। परिजनों के अनुसार, मंगलवार को वे अपने डेढ़ माह के बेटे प्रिंस वर्मा को नियमित टीकाकरण के लिए स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र ले गए थे। परिवार का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात एएनएम ने बच्चे को एक साथ तीन इंजेक्शन लगाए। घर लौटने के बाद मंगलवार रात से ही बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी।

### सागर में ज्ञानवीर विश्वविद्यालय का किया शुभारंभ

# बुंदेलखंड में शिक्षा का लिखा जा रहा है नया अध्याय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत में मातृ सत्ता प्रधान संस्कृति है। भारत की छवि विश्व गुरू की रही है। दुनिया में केवल भारतीय संस्कृति है, जिसने अपने मूल्यों के आधार पर ज्ञान की धारा को तक्षशिला और नालंदा विश्वविद्यालयों के माध्यम से विश्व के कोने-कोने में पहुंचाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का समय बदला है। अब हमारा देश आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। भारत अपने कौशल के बल पर आधुनिक तकनीक में विश्व में नंबर वन बन रहा है।**





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महान शिक्षाविद् डॉ. हरि सिंह गौर ने अपनी जमा पूंजी लगाकर बुंदेलखंड के सागर में शिक्षा का नया सूर्योदय किया। श्री गौर के प्रयासों से बुंदेलखंड को केंद्रीय विश्वविद्यालय की सौगात मिली है। यहां विभिन्न कोर्स की पढ़ाई कर निकले विद्यार्थियों ने देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राहतगढ़ और जेसीनगर में श्रमिकों के बच्चों के लिए लाइब्रेरी बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सागर में ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्रम में आज सागर में मां सरस्वती की कृपा से शिक्षा का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। ज्ञानवीर विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा के आधुनिक मंदिर बुंदेलखंड के युवाओं के सामर्थ्य और संकल्पों को नई ऊंचाई देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि ज्ञानवीर के केवल विश्वविद्यालय का नाम नहीं बल्कि एक बेटे का अपने माता-पिता के चरणों में श्रद्धा सुमन है। मंत्री श्री राजपूत ने इस संस्थान को अपनी पूज्य माता ज्ञानबाई जी के नाम से ज्ञान और अपने श्रद्धेय पिता वीर सिंह के नाम से वीर शब्द लेकर उन्हें समर्पित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह विश्वविद्यालय बुंदेलखंड के युवाओं के लिए सपनों के नए द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समय के साथ चलने के लिए युवाओं से कौशल और तकनीक में पारंगत होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने बुंदेलखंड के चहुंमुखी विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वर्ष 2003 के बाद हुए कार्यों से बुंदेलखंड क्षेत्र का कायाकल्प हो गया है। उसके पहले की सरकारों के कार्यकाल में विकास धरातल पर कहीं नजर नहीं आया। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती, श्रद्धेय श्री बाबूलाल गौर और पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में भी राज्य सरकार के लिए बुंदेलखंड सर्वोच्च प्राथमिकता का क्षेत्र रहा है। हमारी सरकार ने पिछले दिनों खजुराहो में हुई कैबिनेट बैठक में बुंदेलखंड के विकास के लिए 27 हजार करोड़ रूपये के विशेष पैकेज की मंजूरी दी। इससे क्षेत्र में करोड़ों का निवेश आएगा और बड़ी संख्या में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। प्रदेश में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई

# महिला बोली- पति मेरे सामने बहन से बनाता है संबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। पति मेरे ही कमरे में अपनी सगी बहन को रखता है और उससे संबंध बनाता है। मैंने ससुर और अन्य लोगों से कहा, पर कोई फर्क नहीं पड़ा। फिर पुलिस के पास भी गई, लेकिन वहां भी सुनवाई नहीं हुई।पुलिस ने मेरी रिपोर्ट तक नहीं लिखी.**




यह बात एक महिला ने बुधवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में कही। उसने अपनी शिकायत में बताया कि पुलिस मामले में बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है। पूरा मामला सुनने के बाद आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कार्रवाई करने को कहा है। वहीं महिला को भरोसा दिलाया कि उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा। राष्ट्रीय महिला आयोग पूरे देश में जनसुनवाई कर रहा है। इसकी शुरूआत 9 मार्च से हुई है और 14 मार्च तक सुनवाई चलेगी। जिन राज्यों में राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष नहीं हैं, वहां राष्ट्रीय महिला आयोग के पदाधिकारी पहुंचकर महिलाओं की शिकायतें सुन रहे हैं। इसी सिलसिले में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर आज भोपाल पहुंची हैं। एमएलबी कॉलेज में बेंच लगाई। राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई में मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ में पदस्थ एक महिला भृत्य ने शिकायत दर्ज कराई। महिला का आरोप है कि संघ में पदस्थ उपयंत्री प्रवीण माथुर पिछले 9 वर्षों से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। महिला ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पुलिस में भी शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विभाग के मुख्य अभियंता, स्थापना अधिकारी और निजी सहायक भी उपयंत्री का बचाव कर रहे हैं। महिला का कहना है कि शिकायत के बाद आंतरिक परिवाद समिति और विभागीय जांच में प्रवीण माथुर को दोषी पाया गया है, इसके बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे वह काफी परेशान हैं। महिला के अनुसार प्रवीण माथुर अप्रैल 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और उन्हें आशंका है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के कारण वे कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

## बच्चों को कुएं में धक्का देकर मार-डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वाह (खरगोन), एजेंसी।** खरगोन जिला में मां ने पहले अपने दो मासूम बच्चों को कुएं में धक्का दे दिया। इसके बाद 20 दिन के नवजात को लेकर खुद भी कुएं में कूद गई। तीनों बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई, जबकि मां खुद जिंदा बाहर निकाल गई। मामला सनावद थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार मृतकों में अर्जुन (4), करण (2) और एक 20 दिन का नवजात शामिल है। वहीं बच्चों मारकर छलांग लगाने वाली महिला का नाम नानी बाई है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है। मजदूरी करके ही परिवार का गुजारा चल रहा था। पुलिस के अनुसार डेहरिया निवासी कालू सिंह पिछले 8-10 दिनों से अपने परिवार के साथ यहां मजदूरी करने आया हुआ था। वह स्थानीय किसान बलिराम भमोरिया के खेत में काम कर रहा था। बुधवार सुबह भी वह रोज की तरह खेत पर चला गया, जबकि घर में उसकी पत्नी नानी बाई अपने तीन छोटे बच्चों के साथ थी।

# वायरल गर्ल मोनालिसा की शादी से गुरु भी हैरान...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी।** वायरल गर्ल मोनालिसा ने अचानक अपने मुस्लिम बॉयफ्रेंड से शादी करके सबको हैरान कर दिया है। अब उनकी इस शादी पर उनके मेंटर व गुरु का भी रिएक्शन सामने आया है।

महाकुंभ से वायरल हुईं मोनालिसा की केरल में अचानक शादी की खबर ने उनके करीबियों को भी हैरान कर दिया है। मोनालिसा के टीचर और मेंटर महेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यह खबर उनके लिए भी किसी झटके से कम नहीं थी। उन्हें इसकी



जानकारी भी अचानक ही मिली।

महेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि उन्हें सुबह-सुबह परिवार की तरफ से फोन आया और तब जाकर इस पूरी घटना का पता चला। उन्होंने कहा, 'मुझे भी यह खबर सुबह-सुबह पता चली। उनके परिवार की तरफ से फोन आया कि मोना केरल में है और शादी की बात चल रही है। उसके बाद मैंने भी न्यूज़ और वीडियो देखे। उसमें मंदिर में शादी करते हुए दिखाया जा रहा है और दोनों कैमरे पर बोल भी रहे हैं कि हमने शादी कर ली है। सच कहूँ तो यह सब हमारे लिए भी काफी शॉकिंग था, क्योंकि पहले किसी को इस बारे में कुछ भी पता नहीं था।' वह आगे कहते हैं, 'जब उन्होंने माइक पर कहा कि हम लोग पिछले छह महीने से प्यार में थे, तब तो और भी हैरानी हुई। अगर पहले से बताया होता तो शायद इतना झटका नहीं लगता। लेकिन यह सब अचानक सामने आया, इसलिए परिवार और हम लोगों के लिए भी यह थोड़ा मुश्किल था समझना।

महेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि मोनालिसा जिस युवक से शादी की खबर सामने आ रही है, वह भी आर्टिस्ट बताया जा रहा है। पिछले कुछ समय से दोनों एक-दूसरे के संपर्क में थे। उन्होंने कहा, 'लड़का भी आर्टिस्ट है। पिछले कुछ महीनों से दोनों साथ में काम कर रहे थे और उनके साथ की कुछ तस्वीरें भी सामने आई थीं।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सक्रियता और प्रवासियों की सुरक्षा की बड़ी चुनौती

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच, भारत सरकार ने बुधवार को कहा कि खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लगभग एक करोड़ भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा और कल्याण उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया संकट के दौरान एक पोत पर हुए हमले में दो भारतीयों की मौत हो गई और एक लापता हो गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी समुदाय की सुरक्षा और कल्याण हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, सऊदी अरब, ओमान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और इजराइल समेत क्षेत्र के कई नेताओं से बातचीत की है, वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इन देशों के साथ-साथ ईरान के अपने समकक्षों के साथ नियमित संपर्क में हैं। जायसवाल ने कहा कि हम अपने नागरिकों, जीसीसी और पश्चिम एशियाई देशों में रहने वाले अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस क्षेत्र में हमारे सभी मिशन समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में हैं।'' उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों से जुड़ी घटनाओं में दो भारतीयों की मौत हो गई है और एक लापता है। जायसवाल ने कहा, ''जीसीसी क्षेत्र में घायल हुए कुछ अन्य भारतीयों की देखभाल की जा रही है। उनका इलाज जारी है और हमारा दूतावास और वाणिज्य दूतावास उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में हैं।'' उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय इस क्षेत्र में भारतीय नागरिकों से जुड़ी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और भारतीय दूतावास प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में भारत के लगभग एक करोड़ नागरिक रहते हैं और उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता बनी हुई है। भारतीय दूतावासों ने क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को नियमित रूप से परामर्श जारी किया है जबकि राजदूत और महावाणिज्यदूत समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे हैं। वर्तमान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक ईरान में हैं, और भारतीय दूतावास इस समुदाय के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए हुए है। जायसवाल ने कहा कि नागरिकों को विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावासों के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़े रहने का परामर्श दिया गया है ताकि उन्हें नवीनतम जानकारी मिल सके।

## धर्म-कर्म

# खरमास 15 मार्च से शुरू, जानें नियम क्या करें क्या न करें

खरमास के महीने के हिंदू धर्म में शुभ नहीं माना गया है। इस महीने में कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। जब भी सूर्य का गोचर धनु या मीन राशि में होता है तो खरमास आरंभ हो जाता है। खरमास के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। अब सूर्य का गोचर मीन राशि में होने जा रहा है। ऐसे में मार्च के महीने में फिर से खरमास का आरंभ हो रहा है। आइए जानते हैं खरमास कब से लग रहा है और खरमास के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं।



### ● खरमास 2026 कब से लग रहा है ?

पंडित राकेश झा के अनुसार, सूर्य मीन राशि में 14 मार्च की मध्य रात्रि 1 बजकर 1 मिनट पर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद ही खरमास का आरंभ होगा। मध्य रात्रि में सूर्य का गोचर होने से खरमास का आरंभ 15 मार्च से ही माना जाएगा। खरमास का समापन जब होगा 14 अप्रैल को होगा जब सूर्य मेष राशि में गोचर करेंगे। सूर्य सुबह में 9 बजकर 31 मिनट पर मेष राशि में पहुंचेंगे। तभी खरमास का समापन होगा।

**खरमास का आरंभ-** सूर्य गोचर मीन राशि में 15 मार्च 2026

**खरमास का समापन-** सूर्य गोचर मेष राशि में 14 अप्रैल 2026

### खरमास में जरूर करें ये काम

1) खरमास में जितना हो सके जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। इस महीने में अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंद लोगों को अन्न धन का दान करना चाहिए। ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही घर में कभी भी अन्न धन की कमी नहीं होती है।
2) खरमास के दौरान रोजाना सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। ऐसा करने से सूर्यदेव की कृपा बनी रहती है। साथ ही घर परिवार में भी सुख शांति रहती है।
3) खरमास के दौरान भगवान विष्णु की पूजा रोजाना करना चाहिए। रोजाना उन्हें भोग में तुलसी के पत्ता डालकर जरुर देने चाहिए।
4) खरमास के दौरान अगर हो सके को पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। ऐसा करने से पापों से मुक्ति मिलती है।

### ● खरमास में भूलकर भी न करें ये काम

1) खरमास के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इस समय में विवाह, ग्रह प्रवेश आदि कार्य नहीं किए जाते हैं।
2) खरमास में नए घर का निर्माण आदि कार्य भी नहीं किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसा करने से घर में सुख शांति का वास नहीं हो पाता है।
3) खरमास में कोई भी नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है। साथ ही काम में सफलता भी नहीं मिल पाती है।
4) खरमास में बच्चों का मुंडन आदि भी नहीं किया जाता है।

# चैती छठ कब है? जानें नहाय खाय से लेकर परना तक की सही तारीख पंचांग से

चैती छठ का पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होता है और इसका समापन सप्तमी तिथि को होता है। विशेष रूप से यह त्योहार झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। छठ पूजा 4 दिनों तक चलने वाला पर्व है जिसकी शुरुआत नहाय खाय से होती है और समापन परना यानी उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ। चैती छठ में नहाय खाय के बाद 36 घंटे तक चलने वाला कठिन व्रत शुरू हो जाता है। सुहागिन महिलाएं पूरे श्रद्धा भाव से इस व्रत को करती हैं और छठी मैया व सूर्य भगवान की पूजा करती हैं। आइए जानते हैं की इस साल चैती छठ कब से शुरू है, नहाय खाय से लेकर परना तक की सही तिथि पंचांग से।

चैती छठ नहाय खाय तिथि 22 मार्च, रविवार 2026

चैती छठ खरना तिथि 23 मार्च, सोमवार 2026

चैती छठ पर्व तिथि 24 मार्च, मंगलवार 2026

चैती छठ परना तिथि 25 मार्च, बुधवार 2026

### चैती छठ 2026 नहाय खाय तिथि

छठ पर्व के पहले दिन नहाय खाय होता है जो इस साल 22 मार्च, रविवार को होगा। इस दिन व्रती द्वारा पवित्र नदी व तालाब में स्नान किया जाता है।



ऐसा संभव न होने पर घर में भी स्नान किया जा सकता है। इसके पश्चात सफाई और शुद्धता का ध्यान रखते हुए कद्दू की सब्जी, चावल और चने की दाल बनाई जाती है। व्रती नहाय खाय के दिन इसी सात्विक भोजन को ग्रहण करती हैं। मान्यता है की इससे तन-मन शुद्ध होता है।

### चैती छठ 2026 खरना तिथि

छठ पूजा के दूसरे दिन खरना होता है जो इस बार 23 मार्च, सोमवार को होगा। इस दिन शाम के समय सूर्य भगवान की पूजा करने का विधान होता है। साथ ही, शुद्धता के साथ गुड़ की खीर, फल आदि का सेवन करने का विधान होता है। जिसके पश्चात व्रती का कठिन निर्जला व्रत शुरू हो जाता है।

### चैती छठ पर्व 2026 कब है?

चैती छठ का पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि मनाया जाता है। इस साल यह षष्ठी तिथि 24 मार्च, मंगलवार को पड़ रही है। ऐसे में इसी दिन शाम के समय व्रती अपने परिवार के साथ पवित्र नदी या तालाब के किनारे सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। भोग के लिए फल, ठेकुआ, पूरी आदि का विशेष महत्व होता है।

### चैती छठ 2026 परना तिथि

36 घंटे तक चलने वाला निर्जला व्रत परना के दिन समाप्त होता है जो 25 मार्च, बुधवार के दिन होगा। इस दिन व्रती महिलाएं पवित्र नदी या तालाब के किनारे उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती हैं। सूर्यदेव और छठी मैया का पूजन करने के बाद व्रत का पारण करने का विधान होता है। ऐसी मान्यता है की यह मनोकामना पूरी होने का पर्व होता है।

New Delhi

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विपक्ष एकजुट, आज महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** संसद में लोकसभा स्पीकर पद से हटाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। संभावना है कि तृणमूल कांग्रेस की अगुवाई में एकजुट विपक्ष गुरुवार को सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस देगा। नोटिस पर लोकसभा के 120 और राज्यसभा के 60 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। तृणमूल की रणनीति मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को प. बंगाल विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाने की है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इस




मुहिम पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के चैंबर में हुई बैठक में सहमति बनी। बैठक में राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तृणमूल के प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके बाद नोटिस देने के लिए जरूरी सांसदों के हस्ताक्षर कराए गए। योजना दोनों सदनों में नोटिस देने की है। दरअसल, महाभियोग की प्रक्रिया के लिए लोकसभा में 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर की जरूरत पड़ती है। सीईसी को हटाने के लिए भी सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट के जजों को हटाने की तरह ही प्रक्रियाओं का पालन करना पड़ता है।

दरअसल पार्टी चाहती है कि अप्रैल-मई में बंगाल विधानसभा चुनाव में एसआईआर को बड़ा मुद्दा बनाने के लिए इसी सत्र में महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा हो।

Maharashtra

## महाराष्ट्र विधान भवन को मिली बम की धमकी, बजट सत्र के बीच खाली कराई गई बिल्डिंग

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी वाला मेल आया है. सुरक्षा के मद्देनजर तुरंत विधानसभा को खाली करा दिया गया है. मुंबई पुलिस और बम निरोधक दस्ते (BDS) की टीमें गुरुवार को विधान भवन परिसर में बम की धमकी मिलने के बाद गहन तलाशी अभियान चला रही हैं. कुछ विधायकों और विधान भवन की आधिकारिक आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें परिसर में विस्फोट करने की बात कही गई है. बजट सत्र चलने की वजह से बड़ी संख्या में मंत्रियों और विधायकों की मौजूदगी को देखते हुए पूरी इमारत को तुरंत खाली करा दिया गया है. सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया गया है. सुरक्षा बल वर्तमान में पूरे क्षेत्र और भवन परिसर को सैनिटाइज करने और संदिग्ध वस्तुओं की जांच करने में जुटे हैं. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विधान भवन परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया है. ईमेल के जरिए दी गई इस धमकी की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी सेल भी सक्रिय है.

New Delhi

## दिल्ली के उत्तम नगर में देर रात भीषण आग, 400 झुग्गियां जलकर हो गईं राख

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिमी दिल्ली के मटियाला गांव स्थित मछली मार्केट इलाके में बुधवार देर रात झुग्गियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते करीब 400 झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और ढाई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

फिलहाल स्थानीय पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। शुरुआती जांच के बाद आशंका जताई जा रही है कि झुग्गियों के पास जमा कूड़े के ढेर में किसी ने सिगरेट या बीड़ी फेंक दी थी, जिसके आग लगी और बढ़कर झुग्गियों तक फैल गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि रात करीब 11:54 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल की गाड़ियां



मौके के लिए रवाना की गईं। शुरुआत में दो वाटर टेंडर, एक बीएफटी और तीन वाटर बाउजर भेजे गए थे। आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में लगातार और गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। कुल मिलाकर दमकल की नौ वाटर टेंडर, आठ वाटर बाउजर, दो बीएफटी, दो मोटर पंप, एक हाई टेंडर, एक आईआरटी और एक एफसीसी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे।

Uttarpradesh

**शादी में डीजे की धुन पड़ी भारी, गांव में एक-दो नहीं बजा दिए चार डीजे**

## दीवार गिरने से दो बच्चों समेत कई दबे



**बुलंदशहर, (एजेंसी)** गांव परवाना में मंगलवार रात शादी की खुशियां उस समय चीख-पुकार में बदल गईं, जब डीजे की तेज आवाज और धमक के कारण एक कमरे की दीवार गिर गई। हादसे में दीवार के पास डांस कर रहे दो बच्चे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इसके अलावा पांच लोग घायल हैं।

गांव परवाना स्थित रननी वाला मोहल्ला निवासी ब्रजमोहन सिंह की पुत्री का विवाह था। धमेडा गांव से बरात आई थी। रात करीब 12 बजे जब बारात की चढ़त हो रही थी, तब वहां मौजूद चार डीजे संचालकों के बीच आपस में सबसे तेज आवाज निकालने की होड़ शुरू हो गई। डीजे की धमक इतनी तेज थी कि पारमिता स्कूल के पास स्थित सुरेश के घेर में बने भूसे के कमरे की पुरानी दीवार कंपन बर्दाश्त नहीं कर सकी और ढह गई।

दीवार गिरते ही वहां भगदड़ मच गई। चढ़त में डांस कर रहे गांव के प्रिंस (10) और धमेडा निवासी संजू (11) दीवार के नीचे दब गए। मलबे में दबे बच्चों को देख शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। प्रिंस के पिता रिंकू ने बताया कि ईंटें सीने पर गिरने के कारण उसे अंदरूनी गंभीर चोटें आई हैं, जबकि संजू की दोनों टांगों में फ्रैक्चर है।

खेल

## आईपीएल का कार्यक्रम जारी, पहले चरण में 20 मुकाबले और चार डबल-हेडर, आरसीबी और एसआरएच के बीच ओपनिंग मैच

**नई दिल्ली। आईपीएल 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम जारी हो चुका है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को 19वें सीजन के शुरुआती मुकाबलों का कार्यक्रम घोषित किया। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी20 फ्रेंचाइजी लीग का यह सीजन 28 मार्च से शुरू होगा और पहले चरण के मुकाबले 12 अप्रैल तक खेले जाएंगे।**

### बंगलूरू में होगा उद्घाटन मुकाबला

टूर्नामेंट का पहला मैच 28 मार्च को बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होगा। आरसीबी की टीम इस बार अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। आरसीबी ने 2025 में पंजाब किंग्स को हराकर पहली



बार आईपीएल का खिताब जीता था। उद्घाटन मैच के अगले दिन रविवार को मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

### पहले चरण में 20 मैच, 10 शहरों में मुकाबले

1. पहले चरण में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। ये मुकाबले 10 अलग-अलग शहरों में आयोजित होंगे।
2. इनमें बंगलूरू, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद शामिल हैं।
3. इस अवधि में चार डबल-हेडर भी होंगे।
4. डबल-हेडर के दौरान दो मैच एक ही दिन खेले जाएंगे।
5. दोपहर का मैच भारतीय समयानुसार 3:30 बजे और शाम का मैच 7:30 बजे शुरू होगा।
6. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने 5 घरेलू मैच बंगलूरू में और 2 मैच रायपुर में खेलेगी।
7. पंजाब किंग्स के 4 घरेलू मैच न्यू चंडीगढ़ में और 3 मैच धर्मशाला में होंगे।
8. राजस्थान रॉयल्स के 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में और 4 मैच जयपुर में खेले जाएंगे।

### कार्यक्रम की घोषणा में क्यों हुई देरी?

आईपीएल के पूरे कार्यक्रम की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। देश के कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसकी वजह से बीसीसीआई ने अभी सिर्फ पहले चरण का कार्यक्रम जारी किया है। जिन राज्यों में चुनाव प्रस्तावित हैं, उनमें असम, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं। कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और चेन्नई (तमिलनाडु) क्रमशः कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के घरेलू मैदान हैं, जबकि गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा होम वेन्यू है। इन राज्यों में चुनाव की तारीखें घोषित होने के बाद आईपीएल के बाकी मुकाबलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

सिनेमा

## धुरंधर में क्या और कैसे होगा यामी गौतम का कैमियो?



धुरंधर 2 की स्टार कास्ट वैसे तो वही है जो पहले पार्ट में थी, अक्षय खन्ना के किरदार को छोड़कर क्योंकि अभी यह नहीं कन्फर्म है कि वह फिल्म में होंगे या नहीं। लेकिन कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि यामी गौतम का फिल्म में कैमियो होगा। लेकिन अब यामी का कैमियो कैसा होगा इसको लेकर अपडेट सामने आया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक यामी का कैमियो एक अस्पताल की सेटिंग पर है जो काफी महत्वपूर्ण मोमेंट होगा फिल्म का। रिपोर्ट्स के मुताबिक यामी का कैमियो छोटा है, लेकिन उनका किरदार कहानी को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आगे बढ़ाने के लिए रखा गया है। हालांकि इसको लेकर अभी कोई कन्फर्मेशन नहीं है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स मेनएक्सपी के मुताबिक यामी, फिल्म उरी के अपने किरदार को दोबारा करती दिख सकती हैं। बता दें कि साल 2019 में आई फिल्म उरी जिसे आदित्य धर ने ही डायरेक्ट किया था, उसमें यामी ने इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाया था जो इंडियन आर्मी के साथ काम करती है। हालांकि अभी कौनसी बात सही है और कौनसी गलत, यह तो मूवी रिलीज के दौरान पता चलेगा। बता दें कि इससे पहले खबर आई थी कि विकी कौशल भी फिल्म में कैमियो कर सकते हैं। ऐसी खबर थी कि विकी, आदित्य के फेवरेट एक्टर्स में से एक हैं।

## Highlights

1. 20 including Army jawan held hostage by Kuki group in Manipur: Report

2. Give up 1 meal per week: K'taka minister amid LPG supply concerns

3. Meghalaya's Garo Hills polls postponed as 2 people die in clashes

4. BJP's Annamalai slams DMK govt after 43 students fall ill in TN


5. 177 Indians repatriated from Lebanon, 500 more return from Qatar

# India's easing of FDI rules gives limited opening to China firms

**NEW DELHI, (Agency).** India's decision to ease FDI rules for neighbouring countries may reopen the door to China, but strict ownership limits mean large firms such as BYD Co. and Great Wall Motor Co. will still face same screening requirements.

On Tuesday, New Delhi relaxed FDI rules for investments from countries sharing a land border with India, allowing automatic approval for non-controlling stake of up to 10%, subject to compliance requirements. The changes underscore India's push to attract capital, while highlighting continued caution toward China.

"We are opening up in a strategic and calibrated manner," Amardeep Singh Bhatia, secretary in the Department of Commerce told reporters in New Delhi. "It's a changing world and the opening up doesn't



mean that concerns with regards to security have gone away."

The easing stops well short of restoring full parity for investors from neighboring countries, who will continue to face additional scrutiny and restrictions compared with other foreign firms. While the move signals a cautious thaw with China and an effort to bolster growth amid Middle East-driven uncertainty, companies such as BYD and other major investors would still face ownership and regulatory hurdles before making major commitments.

India had introduced the so-called Press Note 3 rules in April 2020, mostly aimed at tightening scrutiny of investments amid deteriorating ties with China, which culminated in a Himalayan clash later that year. Economic relations between the neighbouring nations have since shown signs of thawing as high US tariffs reshaped global trade flows.

# PC makers are worried about Apple's MacBook Neo, and Asus said it loudly

**NEW DELHI, (Agency).** Apple has not merely launched a lower-priced MacBook. The MacBook Neo essentially resets pricing expectations from mainstream laptops, and the Windows PC market is now scrambling to find an answer that isn't riddled with compromises. Concerns are clear, something Nick Wu, Chief Financial Officer at Asus (or ASUSTeK Computer Inc) noted in a quarterly earnings call on Tuesday, calling the MacBook Neo pricing a "shock". The MacBook Neo



went on sale this Wednesday.

He is calling on ecosystem partners including Microsoft, Intel, and AMD to take this threat seriously. "In fact, in the entire PC ecosystem, there have been a lot of discussions about how to compete with this product," he said. The lack of reaction or preparedness is surprising, considering murmurs of a MacBook powered by an iPhone-class chip, have been doing rounds for almost a year. Wu's unusually candid reaction notes "ongoing discussions about how we can compete with the Neo." That indicates an ecosystem that knows the baseline has shifted significantly. "Given Apple's historically very premium pricing, launching such an affordable product is certainly a shock to the entire market," says Wu. Asus knows consumers have noticed this too, and will expect Windows PC makers to catch up.

# आईएएस के फार्महाउस पर चल रही थी जुआ पार्टी, पुलिस के छापे में 18 लोग पकड़े गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के समीप महू में एक आईएएस के फार्म हाउस पर छापा मारकर पुलिस ने 18 जुआरियों को पकड़ा है, जिनमें ज्यादातर संभ्रांत परिवारों के हैं। यह फार्म हाउस एक महिला आईएएस का है, जो इंदौर में भी पदस्थ रह चुकी हैं। फार्म हाउस के चौकीदार ने मुख्य जुआरी को फार्म हाउस पार्टी के लिए दिया था और वहां पर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस ने छापे के बाद जब महिला आईएएस अधिकारी को इसकी जानकारी दी तो वे भी चौंक गईं।



महू के समीप अलवीपुरा में आईएएस वंदना वैद्य का फार्म हाउस है। उनके पति अम्बरीश वैद्य भी सहकारिता विभाग के बड़े अधिकारी रहे हैं। वैद्य फिलहाल वित्त विकास निगम इंदौर की प्रबंध संचालक हैं। पुलिस ने छापा मारकर 18 जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया जबकि पांच आरोपी मौके से भाग गए। इनमें जुआ खिलवाने वाला मुख्य आरोपी जगदीश राठौर उर्फ कूबड़ा है। वह जगह बदल-बदल कर लोगों को जुआ खिलवाता है। जिस इलाके में पुलिस ने जुआ पकड़ा, वहां पहले भी छापा मारकर पुलिस ने जुआ पकड़ा था। इस कारण पुलिस की वहां के फार्म हाउसों पर नजर थी। मंगलवार को एक फार्म हाउस पर जुआ पार्टी की खबर पुलिस को मिली थी। इसके बाद जाल बिछाकर छापा मारा गया। मौके से पुलिस ने 13 लाख 67 हजार 971 रुपए नकद, ताश के पत्ते, 30 मोबाइल फोन और दो कारें जब्त की हैं।के पर 25 से ज्यादा लोग जुआ खेल रहे थे और कुछ शराब के नशे में भी थे। जैसे ही पुलिस ने छापा मारा तो कुछ लोग मौके का फायदा उठाकर भाग गए, जबकि 18 लोगों को पुलिस ने धर दबोचा और उन्हें पकड़ कर थाने लाया गया।

## बिना अनुमति कार रैली निकालने पर छात्र नेता आयुष गिरफ्तार

**इंदौर**। जूनी थाना पुलिस ने खुद को सांसद शंकर लालवानी का प्रतिनिधि पंकज फतेहचंदानी के जन्मदिन पर बिना अनुमति वाहन रैली निकालने के मामले में छात्र नेता आयुष भार्गव को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आते ही भार्गव के हौसले पस्त पड़ गए और उसने हाथ जोड़कर माफी मांगी है। आयुष पर मोटर व्हीकल एक्ट और प्रतिबंधात्मक धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फतेहचंदानी के जन्मदिन पर 7 मार्च को शहर में वाहन रैली निकाली गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए थे। रैली में आयुष ने कार की छत पर खड़े होकर स्टंट किया था। जिसका वीडियो बनाकर अपनी इंस्टाग्राम आईडी से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। वीडियो सामने आने के बाद जूनी पुलिस ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। आयुष भार्गव द्वारा रैली निकाले जाने की वजह से यातायात बाधित हुआ था। पुलिस ने उसे थाने लाकर कार्रवाई की और कोर्ट का दंड भरवाने के बाद जमानती धाराओं में थाने से ही जमानत दे दी। आयुष ने हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए कहा कि उसके इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो अपलोड हुआ था, जिसमें कार से स्टंट करते हुए दिखाया गया है। इससे समाज में गलत संदेश गया है। उसने कहा कि वह समाज के सभी लोगों से माफी मांगता है और भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करेगा।

# शादी का झांसा देकर दो युवतियों से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भंवरकुआ क्षेत्र में कॉलेज की एक छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर छात्रा से शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर फरार हो गया। पीड़िता मंगलवार को थाने पहुंची, जहां उसकी शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

भंवरकुआ थाना पुलिस ने 20 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर दिनेश पुत्र रमेश आर्य, निवासी बड़ौदा (श्योपुर) के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि दिनेश ने विष्णुपुरी कॉलोनी में छात्रा के साथ गलत काम किया। पीड़िता के अनुसार दोनों की पहचान तीन साल पहले कॉलेज में हुई थी और वे एक साथ काम भी करते थे। इसी दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई और मोबाइल व व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हो गई। छात्रा ने बताया कि 2023 में उसके जन्मदिन पर दिनेश उससे मिलने आया और शादी करने की बात कही। इसके बाद वह साथ रहने की जिद करने लगा। आरोपी के कहने पर छात्रा विष्णुपुरी में उसके कमरे पर रहने लगी, जहां दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध बने। जब भी छात्रा शादी की बात करती, दिनेश टाल देता था। 7 फरवरी को इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद दिनेश ने शादी से साफ इनकार कर दिया और छात्रा का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर अपने घर चला गया। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपनी मां को दी और बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए श्योपुर जाने की तैयारी कर रही है। जूनी इंदौर थाना पुलिस ने 27 वर्षीय युवती की शिकायत पर अक्षत तिवारी पुत्र हरीप्रसाद तिवारी, निवासी मनीगढ़ (छत्तीसगढ़) के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात अक्षत से एक शादी के इवेंट के दौरान हुई थी। पहचान बढ़ने के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इसी दौरान अक्षत ने उससे शादी करने की बात कही। युवती ने शुरुआत में कहा कि दोनों एक-दूसरे को ठीक से नहीं जानते, लेकिन आरोपी ने खुद को गंभीर बताते हुए प्यार का दावा किया और आत्महत्या करने की धमकी देकर उस पर मानसिक दबाव बनाया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक